**प्रेस नोट**
**दिनांक 26.10.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा सभी थानों की महिला बीट कर्मियों की मीटिंग कर महिला अपराध सम्बन्धी अभिसूचनाओं का संकलन एवं कार्यवाही, पीड़िताओ की कॉउंसलिंग, जन–जागरूकता एवं प्रचार–प्रसार आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए–**

गोण्डा। आज दिनांक 26.10.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत पुलिस कार्यालय सभागार कक्ष में महिला बीट पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की गयी। जिसमें नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने व उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में महिला बीट पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महोदय द्वारा बताया गया कि समस्त थानों की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में ग्राम चौपाल लगाकर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया जाएगा साथ ही महिला सम्बन्धी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा तथा चौपाल लगाकर शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। महोदय द्वारा घरेलू हिंसा एवं अन्य महिला सम्बन्धी अपराधों से पीड़ित महिलाओं/बालिकाओं की काउंसलिंग के समय महिला पुलिस कर्मियों की क्या भूमिका रहेंगी, शिकायतकर्ता को किस प्रकार सुना जायेगा, शिकायत पर किस प्रकार कार्यवाही की जायेगी, नए कानून को किस प्रकार से अमल में लाया जाएगा के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी। महोदय द्वारा बताया गया कि महिला पुलिस कर्मियों द्वारा अपने बीट क्षेत्र में शराब व अन्य मादक पदार्थो के बिक्री के सम्बन्ध में जानकारी हासिल की जायेगी तथा घरेलू यौन अपराध, होटल, स्पा, ब्यूटी पार्लर, काल सेण्टर, पार्क, कोचिंग सेण्टर, हास्पिटल, मॉल, रेस्टोरेन्ट के विषय में जानकारी व सुरागरसी हासिल की जायेगी। अगर बीट क्षेत्र में यदि बाहर से कोई महिला/बच्चा आकर निवास कर रही/रहा हो अथवा क्षेत्र की कोई महिला/बच्चा गायब हो, उसके बारे में नाम एवं विवरण सहित जानकारी हासिल की जायेगी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 26.10.2024**

## थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का शतप्रतिशत माल व घटना में प्रयुक्त 01 अदद पिकअप बरामद–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–522/24, धारा 303(2),317(2) बीएनएस की घटना का सफल अनावरण कर घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों–01. गायत्री जायसवाल पुत्र सुरेन्द्र जायसवाल नि0 ग्राम इमलिया गुरूद्वारा थाना को0 नगर जनपद गोण्डा, 02. बृजेश सिंह पुत्र रामसिंह नि0 ग्राम इमरती रूद्रपुर विसेन थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से 11 अदद टायर व 01 अदद रिम व घटना में प्रयुक्त 01 अदद पिकअप को बरामद किया गया।

## घटना का संक्षिप्त विवरण–

वादी सैफअली पुत्र इकरार अली नि0 मोहल्ला आजाद नगर कस्बा मनकापुर थाना को0 मनकापुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 मनकापुर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 13.10.2024 की रात्रि अज्ञात चोरो द्वारा उनकी पटेलनगर स्थित एस0के0 टायर एंड एलायमेंट दुकान से टायर व रिमों की चोरी की गयी है। वादी की तहरीर पर थाना को0 मनकापुर में सुसुंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ जिसकी विवेचना उ0नि0 योगेश यादव द्वारा की जा रही थी। आज दिनांक 26.10.2024 को थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों–01. गायत्री जायसवाल, 02. बृजेश सिंह को दर्जी कुआं तिराहे के पास से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से 11 अदद टायर व 01 अदद रिम व घटना में प्रयुक्त 01 अदद पिकअप को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण–

01. गायत्री जायसवाल पुत्र सुरेन्द्र जायसवाल नि0 ग्राम इमलिया गुरूद्वारा थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।
02. बृजेश सिंह पुत्र रामसिंह नि0 ग्राम इमरती रूद्रपुर विसेन थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

## अनावरित अभियोग–

01. मु0अ0सं0–522/24, धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना को0 मनकापुर जनपद गोण्डा।

## बरामदगी–

01. 04 अदद ट्रक टायर।
02. 07 अदद छोटे टायर।
03. 01 अदद रिम।
04. घटना में प्रयुक्त 01 अदद पिकअप।

## गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. उ0नि0 लालजी।
02. उ0नि0 योगेश यादव।

03. हे0का0 वीरेन्द्र कुमार।
04. का0 अंकित शर्मा।
05. का0 परमानन्द।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 26.10.2024**

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना छपिया में की गयी जनसुनवाई, जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को दिए आवश्यक दिशा–निर्देशः–

गोण्डा आज दिनांक 26.10.2024 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा थाना छपिया में जनसुनवाई की गई। महोदय द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत–प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना छपिया में सुनवाई के दौरान 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में प्राप्त कुल प्रार्थना पत्रों में से 03 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया।

**इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।**

**मीडिया सेल, गोण्डा**